भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

विषय: पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित माह अप्रैल, 2024 का मासिक सारांश

1. जल जीवन मिशन (जेजेएम)

9.77 लाख परिवारों को कार्यशील घरेलू नल जल कनेक्शन प्रदान किये गये, जिससे कुल संख्या बढ़कर 14.63 करोड़ हो गयी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के कुल परिवारों का 76 प्रतिशत से अधिक है।

2. स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण चरण II

माह अप्रैल, 2024 के दौरान 46,950 व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) और 373 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है। इस अवधि के दौरान 7,271 गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया। 9,273 गांवों को ठोस कचरा प्रबंधन तथा 5,814 गांवों को तरल कचरा प्रबंधन के अंतर्गत कवर करने की सूचना मिली है। इस माह में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 12 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई।

3. राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत, श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (एसपीएम निवास), कोलकाता में निम्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

I. दिनांक 03.04.2024 से 05.04.2024 तक ग्रामिण जल आपूर्ति का संचालन एवं रखरखाव, स्थायी सेवा सुपुर्दगी की निरंतरता तथा नागरिक चार्टर (जेजेएम) संबंधी के बारे मे प्रशिक्षण कार्यक्रम।

II. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 2.0 के तहत, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, मलीय गाद प्रबंधन तथा आईईसी से संबंधित एक राष्ट्र स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 08 अप्रैल, 2024 से दिनांक 10 अप्रैल, 2024 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें मिशन निदेशक, अपर मिशन निदेशक, इंजीनियर, राज्य कार्यक्रमसह-समन्वयक, एसडब्ल्यूएम तथा पीडब्ल्यूएम से संबंधित राज्य स्तरीय परामर्शदाता, खंड विकास अधिकारी तथा जिला स्तरीय परामर्शदाता शामिल रहें। ग्रामिण वॉश भागीदर मंच के भागीदारों ने तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान

13/5/2024

किया।

III. परियोजना और वित्तीय प्रबंधन तथा खरीद (जेजेएम) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18.04.2024 से 20.04.2024 तक किया गया, जिसमें परियोजना प्रबंधन संबंधी प्रस्तावना, परियोजन प्रबंधन तकनीकों, परियोजना जीवन चक्र, एमएस परियोजना का उपयोग, प्राइमवेरा-6, डीएलपी, वित्तीय प्रबंधन (जीएफआर/पीएफएमएस/आईएफएमएस), विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं जैसे मुद्दों को कवर किया गया। साथ ही प्रतिभागी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किये गए उत्तम प्रथाओं को भी साझा किया गया।

4. सचीव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत संचालन एवं रखरखाव हेतु प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पीएसीएस) तथा अन्य सहकारी समितियों द्वारा कार्य नियोजित करने करने के संबंध में सचिव, सहकारिता मंत्रालय के साथ दिनांक 02.04.2024 को बैठक आयोजित की।

5. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने ओडिशा, बिहार और तेलंगाना राज्यों के ग्रामीण स्वच्छता एवं मिशन निदेशक (एसबीएम-जी) के एसीएस/प्रधान सचिव/ प्रभारी सचिव के साथ क्रमश: दिनांक 24.04.2024, 25.04.2024 तथा 26.04.2024 को वीडियो कॉन्फेंस के माध्यम से एसबीएम(जी) के चरण-II की प्रगति की समिक्षा हेतु बैठक आयोजित की।

6. जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु केरल तथा राजस्थान राज्यों के साथ क्रमश: दिनांक 04.04.2024 और 05.04.2024 को वीडियो कॉन्फेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

12/5/2024